प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 10.05.2025

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

दिनांक 09/10.05.2025 की रात्रि में थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा सिविल एयर पोर्ट को जाने वाली सड़क पर डिफेंस कट पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना टीलामोड़ पुलिस टीम द्वारा चौकी सिकन्दरपुर की ओर से तेजी से आ रही एक मोटर साइकिल को चेकिंग के लिए रोकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटर साइकिल को मोड़कर डिफेंस कॉलोनी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर तेजी से भागने लगा, जल्दबाजी में मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई। पुलिस टीम को पीछा करते देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिससे बदमाश घायल होकर गिर गया। घायल बदमाश ने अपना नाम सागर उर्फ शाका पुत्र सोमबीर निवासी घोड़ी बछेड़ा थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर हाल निवासी मकान न0 469 गली न0 03 शिवाजी गली पण्डित पार्क घोण्डली गाँव थाना कृष्णानगर दिल्ली 31 उम्र करीब 34 वर्ष को 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि अभियुक्त उपरोक्त से बरामद मोटर साइकिल अभियुक्त उपरोक्त ने करीब डेढ़ माह पहले थाना टीलामोड़ अंतर्गत लोनी रोड़ स्थित डिमार्ट से चोरी की थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

सागर उर्फ शाका पुत्र सोमबीर निवासी घोड़ी बछेड़ा थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर हाल निवासी मकान न0 469 गली न0 03 शिवाजी गली पण्डित पार्क घोण्डली गाँव थाना कृष्णानगर दिल्ली 31 उम्र करीब 34 वर्ष।

बरामदगी का विवरण

01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार अभियुक्त सागर उर्फ शाका पुत्र सोमबीर उपरोक्त के विरुद्ध गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर में चोरी,लूट,आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जारही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम।

थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 09.05.2025 को थाना वेव सिटी पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त विपिन पुत्र सत्यवीर द्वारा वादी की अनुपस्थिति में वादी की पत्नी के साथ दुष्कर्म करना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वेव सिटी पर तत्काल धारा 64(1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 10.05.2025 को थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्पुट के आधार पर उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त विपिन पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम दीनानाथपुर पूठी थाना वेव सिटी गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष को इकला इनायतपुर कट पेरीफेरल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण–

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैंने मौका पाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना की थी तथा मौके से भाग गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

विपिन पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम दीनानाथपुर पूठी थाना वेव सिटी गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरुद्ध उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना वेव सिटी पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना वेव सिटी पुलिस टीम।

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस व चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

आज दिनांक 10.05.2025 को थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त दानिश पुत्र मकसूद निवासी सहबिस्वा डबल टंकी के पास मुरादनगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष को कनौजा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की तरफ से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस व चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना मुरादनगर पर धारा 317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं तमंचे का भय दिखाकर राह चलते लोगो से लूट/चोरी की घटना कारित करता हूँ। मैंने यह मोटरसाइकिल पिछले वर्ष थाना क्षेत्र सेक्टर-58 गौतमबुद्धनगर से चोरी की थी। मैं गौतमबुद्धनगर / गाजियाबाद से लूट/चोरी के मुकदमों में पूर्व में जेल भी जा चुका हूँ। मैं आज भी मैं लूट/चोरी की घटना के उद्देश्य से निकला था कि पुलिस चेकिंग में पकडा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

दानिश पुत्र मकसूद निवासी सहबिस्वा डबल टंकी के पास मुरादनगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस
2. चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना मुरादनगर, थाना नंदग्राम पर लूट/ /आर्म्स एक्ट/गैंगस्टर एक्ट के 03 अभियोग तथा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना फेस-2, थाना बिसरख, थाना सेक्टर-58 पर चोरी, आर्म्स एक्ट के 05 अभियोग पंजीकृत है। (कुल अभियोग -08) अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।